# इन्दिरा गाँधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान
## (राज्य ग्रामीण विकास संस्थान)
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302 004
फोन : 0141–2702784, 2706577–78 फैक्स : 2706575
E-Mail: igprgvs.rajasthan.gov.in


क्रमांक : एफ4(60)भण्डार / IGPRS / 2015 / 8280 - 8286 दिनांक: 22/01/2019

## निविदा सूचना

संस्थान में फोटो स्टेट एवं बाईन्डिंग कार्य करवाने के लिए रेट कॉन्ट्रेक्ट हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि रूपये लाखों में) | धरोहर राशि रूपये | टेण्डर जमा कराने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | फोटो स्टेट एवं बाईन्डिंग कार्य | 1.50 लाख | 5000.00 | 29.01.2019 |

निविदा प्रपत्र विभाग की वेबसाइट www.igprgvs.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal से डाउनलोड किया जा सकता है।

उक्त कार्य हेतु निविदा मुहरबन्द लिफाफे में जिन पर स्पष्ट रूप से किये जा रहे कार्य का नाम लिखा हो, इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान में निर्धारित तिथि को दोपहर 12:00 बजे तक जमा की जायेगी। निविदा उसी दिवस को अपराह्न 3:00 बजे विभागीय उपापन समिति द्वारा निविदादाताओं या उसके अधिकृत प्रतिनिधि, जो उपस्थित हो, के समक्ष खोली जायेगी।

बोली प्रपत्र, कार्य का विवरण व शर्ते परिशिष्ट अ व ब पर संलग्न है।

22/1/19
अतिरिक्त निदेशक

क्रमांक : एफ4(60)भण्डार / IGPRS / 2015 / दिनांक:

**प्रतिलिपिः–**

1. निजी सचिव, महानिदेशक, संस्थान।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त निदेशक, संस्थान।
3. लेखाधिकारी, संस्थान।
4. प्रभारी अधिकारी, स्टोर संस्थान।
5. प्रोग्रामर उक्त निविदा प्रपत्र को विभागीय बेवसाईट एवं SPPP Portal पर अपलोड करावे।
6. कार्यालय नोटिस बोर्ड, संस्थान।

उपनिदेशक (प्रशा0)

परिशिष्ट– (अ)

## फोटो स्टेट कार्य की निविदा शर्ते व विवरण

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में जो कि संस्थान द्वारा जारी किया गया है, में ही प्रस्तुत किया जा सकेगा। निविदा विभाग की वेब साइट www.igprgvs.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal से भी डाउनलोड किया जा सकेगा।
2. निविदा उचित रूप से मुहरबन्द लिफाफे में बंद की जानी चाहिए निविदा उन्हीं फर्मो द्वारा दी जानी चाहिए जो वास्तव में इस प्रकार का कारोबार करती हो।
3. टेण्डर के सभी प्रपत्र व अनुलग्नक पर निविदादाता के हस्ताक्षर आवश्यक रूप से होंगे।
4. निविदा में किसी प्रकार की कटिंग नहीं होनी चाहिए अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
5. निविदा दिनांक 29.01.2019 को दोपहर 12:00 बजे तक संस्थान कार्यालय में जमा करानी आवश्यक है।
6. निविदा दिनांक 29.01.2019 को उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपराह्न 3:00 बजे खोली जायेगी।
7. निविदा देने वाली फर्म की निम्न जानकारी टेण्डर फार्म के साथ संलग्न की जावे।
   1. यदि फर्म एकल स्वामित्व की हो ते स्वामी का पूर्ण नाम, कार्यालय एवं निवास का पूर्ण पता।
   2. यदि भागीदारी का है–भागीदारी–डीड, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र तथा सभी भागीदारों के नाम एवं पूर्ण पते।
   3. यदि लिमिटेड फर्म है तो कम्पनी का मेमोरेण्डम व आर्टीकल ऑफ एसोसियेट्स तथा सभी डायरेक्टर्स के नाम एवं पूर्ण पते।
   4. फर्म के गठन से किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना तुरन्त विभाग को दी जावे किन्तु परिवर्तन के अधीन किसी भी दायित्व से फर्म के पहले वाले सदस्य को मुक्त नहीं किया जा सकेगा।
8. निविदा फार्म के साथ में लगाये गये प्रमाणित दस्तावेजों की पुष्टि हेतु विभाग के मांगे जाने पर मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

9. अतिरिक्त निदेशक, संस्थान जयपुर को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने के पूर्ण अधिकार होंगे तथा इस कारण किसी भी प्रकार के उत्पन्न होने वाले दायित्वों से विभाग को कोई सरोकार नहीं होगा।
10. कार्य की गुणवत्ता के आधार पर न्यूनतम दरों वाली निविदा को स्वीकार किया जो आवश्यक नहीं है। ऐसी स्थिति में किसी भी निविदा अथवा उसके किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।
11. दरें कागज, मशीन मय ऑपरेटर, कर एवं अन्य व्ययों सहित होगी। अनुबन्ध की अवधि के दौरान दरें स्थिर रहेगी। इसमें कमी–बेशी की कोई प्रार्थना स्वीकार नहीं होगी। फोटो स्टेट कार्य हेतु कार्मिक भी अनुबन्धकर्ता को ही उपलब्ध कराना होगा जो कार्य मे पूर्णतः दक्ष होना चाहिये। फोटो स्टेट हेतु मशीन तीन वर्ष से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए।
12. फोटो स्टेट का कार्य सामान्यतया प्रातः 09.30 बजे से सांय 06:00 बजे तक कार्यालय में कराया जावेगा। विशेष परिस्थिति में इस समय के अलावा भी फोटो स्टेट कार्य कराया जा सकेगा जिसके लिए अलग से कोई पारिश्रमिक अथवा शर्त मंजूर नहीं होगी।
13. अनुबन्ध की अवधि : अनुबन्ध की अवधि कार्य आदेश जारी होने से एक वर्ष की होगी।
14. सफल निविदादाता को 500/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा, तथा 5,000/– रूपये धरोहर राशि के रूप में जमा करानी होगी।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
**मय पूरा पता व मोबाईल नं0**

# इन्दिरा गाँधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान
## (राज्य ग्रामीण विकास संस्थान)
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302 004
फोन : 0141–2702784, 2706577–78 फैक्स : 2706575
E-Mail: igprgvs.rajasthan.gov.in


परिशिष्ट– (ब)

## दरें प्रस्तुत करने का निविदा प्रपत्र

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | प्रस्तुत दरें प्रति नग |
|---|---|---|
| 1. | फोटोस्टेट–एक पेपर पर एक साईड मय सैट बनाने तथा पेपर सहित (A4) | |
| 2. | फोटोस्टेट–एक पेपर पर दोनों साईड मय सैट बनाने तथा पेपर सहित (A4) | |
| 3. | फोटोस्टेट–एक पेपर पर एक साईड मय सैट बनाने तथा पेपर सहित (एस–पेपर) | |
| 4. | फोटोस्टेट–एक पेपर पर दोनों साईड मय सैट बनाने तथा पेपर सहित (एस–पेपर) | |
| 5. | फोटोस्टेट रंगीन पेपर पर एक साईड मय सैट बनाने सहित (पेपर सहित A4) | |
| 6. | स्पाईरल बाईडिंग (1 पेज से 25 पेज) विथ मैटेरियल | |
| 7. | स्पाईरल बाईडिंग (25 पेज से 50 पेज) विथ मैटेरियल | |
| 8. | स्पाईरल बाईडिंग (50 पेज से 100 पेज) विथ मैटेरियल | |
| 9. | स्पाईरल बाईडिंग (100 पेज से 200 पेज) विथ मैटेरियल | |

उक्त दरों पर यदि लागू हो तो GST पृथक से नियमानुसार देय होगी।

निविदादाता के हस्ताक्षर
मय पूरा पता व मोबाईल नं0